समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# रेलवे भर्ती मे बंड़ा बदलाव : अब एक रजिस्ट्रेशन, फास्ट परीक्षा और जीरो चीटिंग का दावा !

Publisher
Published on 12 Jul 2025




**रेल मंत्रालय ने भर्ती प्रक्रिया को डिजिटल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए उठाए कई बड़े कदम — वन टाइम रजिस्ट्रेशन, फेस रिकग्निशन, ई-केवाईसी और परीक्षा कैलेडंर जैसी सुविधाएं लागू।**

**नई दिल्ली : भारतीय रेलवे** ने देशभर के करोड़ों नौकरी चाहने वाले युवाओं को बड़ी राहत दी है। रेलवे भर्ती प्रक्रिया में अब **वन टाइम रजिस्ट्रेशन, फेस रिकग्निशन, ई-केवाईसी, वार्षिक परीक्षा कैलेडंर** और **मोबाइल जैमर** जैसे तकनीकी सुधार लागू किए गए हैं।

इसका उद्देश्य परीक्षा में **पारदर्शिता बढ़ाना, धोखाधड़ी** पर रोक लगाना और योग्य उम्मीदवारों को तेज़ी से नौकरी देना है।

### अब बार-बार रजिस्ट्रेशन नहीं

रेलवे ने "**वन टाइम रजिस्ट्रेशन**" (**OTR**) सिस्टम शुरू किया है, जिसके तहत उम्मीदवार को केवल एक बार रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद वे आगामी सभी भर्तियों के लिए उसी प्रोफाइल से आवेदन कर सकेंगे।

यह कदम खासकर उन युवाओं के लिए राहत है, जो हर भर्ती के लिए नए आवेदन फॉर्म भरने की परेशानी से जूझते थे।

### फुलप्रूफ सुरक्षा : आधार + फेस रिकग्निशन

१. **परीक्षा प्रक्रिया को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए अब रेलवे e-KYC और रियल-टाइम फेस रिकग्निशन तकनीक का इस्तेमाल करेगा।**
२. **उम्मीदवार का आधार कार्ड वेरिफिकेशन**
३. **चेहरे की पहचान (फेस मिलान) परीक्षा केद्रं पर**
४. **धोखाधड़ी और डमी कैंडिडेट की कोई गुंजाइश नहीं**

**वार्षिक परीक्षा कैलेडंर से प्लानिंग आसान**

१. **रेल मंत्रालय ने तय किया है कि अब से सभी ग्रुप C पदों (ALP, NTPC, टेक्नीशियन, RPF, लेवल-1 आदि) के लिए वार्षिक परीक्षा कैलेडंर जारी किया जाएगा।**

२. **अब उम्मीदवारों को पहले से पता होगा:**

३. **कौन-सी भर्ती कब निकलेगी**

४. **आवेदन कब शुरू होंगे**

५. **परीक्षा की तारीख क्या होगी**

**1.5 करोड़ से ज्यादा आवेदन, फिर भी प्रोसेस तेज़**

१. **2024 मे रेलवे ने 1,08,000 से अधिक पदों के लिए भर्तियां निकालीं, जिन पर 1.5 करोड़ से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए।**

२. **इसके बावजूद रेलवे ने भर्ती प्रक्रिया का औसत समय घटाकर 8 महीने कर दिया है, जिसे आगे और भी तेज किया जाएगा।**

**परीक्षा केद्रं अब घर के पास**

१. **रेलवे ने यह भी सुनिश्चित किया है कि अब सभी परीक्षाएं उम्मीदवार के घर से अधिकतम 500 किलोमीटर की दूरी पर ही आयोजित की जाएंगी।**

२. **न्यूनतम दूरी :** 250 किमी के भीतर

३. **अधिकतम दूरी :** 500 किमी

४. **सभी केद्रों पर 100% मोबाइल जैमर**

५. **जून 2025 की परीक्षा मे कोई चीटिंग की खबर नहीं**

**प्रमोशन और वेटिंग लिस्ट मे पारदर्शिता**

अब रेलवे की **आंतरिक पदोन्नति परीक्षा** (Internal Promotion) भी **CBAT** और **टैबलेट** आधारित होगी। इससे कर्मचारियों को तेज़ प्रमोशन मिलेगा।

**इसके साथ :**

**लेवल-1 पदों के लिए 10वीं, ITI या NATS प्रमाणपत्र मान्य होगा**

अगर कोई चयनित उम्मीदवार जॉइन नहीं करता, तो वेटिंग लिस्ट से तुरंत दूसरा उम्मीदवार नियुक्त होगा

**धार्मिक प्रतीकों पर क्या है नीति ?**

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि **चूड़ी, बिंदी, पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीकों** पर पूर्ण पाबंदी नहीं है। लेकिन सुरक्षा जांच के बाद ही इन्हें पहनकर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.